सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 27 नवम्बर, 2017

षोडश विधान सभा | सोमवार, तिथि 27 नवम्बर, 2017 ई0
अष्टम् सत्र | 06 अग्रहायण, 1939(शक)

(कार्यवाही प्रारम्भ होने का समय - 11.00 बजे पूर्वाह्न)
(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

## प्रारम्भिक कार्य

अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, षोडश बिहार विधान सभा के अष्टम् सत्र में मैं आप सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ ।

इस सत्र में कुल-05 (पाँच) बैठकें निर्धारित हैं । इसमें वित्तीय वर्ष 2017-18 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण एवं राजकीय विधेयकों का व्यवस्थापन होगा। इसके अलावा सदस्यों के गैर सरकारी कार्य यथा गैर सरकारी संकल्प इत्यादि लिये जाएंगे ।

संसदीय प्रणाली सही मायने में लोकतांत्रिक मूल्यों के संपोषण एवं संवर्धन हेतु सबसे उपयुक्त है । अभी हाल में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बैठक में भाग लेने के क्रम में कुछ देशों की विधायिका एवं शासकीय प्रणाली की अध्ययन यात्रा के दौरान भी मुझे यह प्रतीत हुआ । पूरे विश्व में जनता के द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से चलने वाली शासन प्रणाली को ही उत्कृष्ट माना गया है । इस सिलसिले में अपने यहाँ की जनतांत्रिक प्रणाली एवं व्यवस्था की सर्वत्र सराहना है ।

आपको यह जानकर खुशी होगी कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के भारत प्रक्षेत्र का अगला सम्मेलन दिनांक 16 से 19 फरवरी, 2018 तक पटना में होना तय हुआ है । इसके आयोजन से पूरे देश के जनप्रतिनिधियों को बिहार के गौरवशाली इतिहास तथा ऐतिहासिक परंपरा को नजदीक से देखने एवं प्रगतिशील बिहार को जानने का अवसर प्राप्त होगा । इस सम्मेलन का सफल आयोजन बिना आपके सहयोग के नहीं हो सकता है । अत: आपका सक्रिय सहयोग अपेक्षित है ।

यह सभा जनता द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधियों का सर्वोच्च सदन है एवं अर्थपूर्ण विमर्श से जनहित साधना इसका लक्ष्य है । इसे हम सभी अनुशासित एवं मर्यादित आचरण से प्रभावकारी बना सकते हैं ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि वर्त्तमान सत्र के दौरान सदन के सफल संचालन में आपका सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा ।

टर्न-01/बिपिन/27.11.2017

## अध्यासी सदस्यों का मनोनयन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-12(1) के अधीन मैं निम्न सदस्यों को षोडश बिहार विधान सभा के अष्टम् सत्र के लिए अध्यासी सदस्य मनोनीत करता हूँ :-

1. श्री हरिनारायण सिंह - स0वि0स0
2. श्री मोहम्मद इलियास हुसैन - स0वि0स0
3. श्री तार किशोर प्रसाद - स0वि0स0
4. डॉ0 अशोक कुमार - स0वि0स0
5. श्रीमती रंजू गीता - स0वि0स0

## समितियों का गठन

माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम- 219(1) के अधीन मैं षोडश बिहार विधान सभा के अष्टम् सत्र के लिए कार्य-मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार करता हूँ :-

1. अध्यक्ष,बिहार विधान सभा सभापति
2. श्री नीतीश कुमार,मुख्यमंत्री सदस्य
3. श्री सुशील कुमार मोदी,उप मुख्यमंत्री सदस्य
4. श्री श्रवण कुमार,मंत्री, संसदीय कार्य सदस्य
5. श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव,मंत्री, ऊर्जा सदस्य
6. श्री प्रेम कुमार,मंत्री, कृषि सदस्य
7. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव,नेता, विरोधी दल सदस्य
8. श्री सदानन्द सिंह,स0वि0स0 सदस्य

## विशेष आमंत्रित सदस्य

1. श्री अब्दुल बारी सिद्दीकी - स0वि0स0
2. श्री महबूब आलम - स0वि0स0
3. श्री सुधांशु शेखर - स0वि0स0
4. श्री राजू तिवारी - स0वि0स0

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

## औपचारिक कार्य

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, कृषि विभाग ।

श्री प्रेम कुमार, मंत्री : महोदय, मैं भारत के संविधान के अनुच्छेद-213 के खंड (2)(क) के अनुसार बिहार विधान सभा के समक्ष राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार कृषि बाजार प्रांगण भूमि अंतरण अध्यादेश, 2017 की प्रति सभा मेज पर रखता हूँ ।

अध्यक्ष : सभा सचिव ।

सचिव : महोदय, षोडश बिहार विधान सभा के सप्तम् सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित निम्न 10 (दस) विधेयकों का विवरण सदन पटल पर रखता हूँ जिस पर महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद-200 के तहत् अनुमति प्रदान की गयी है : -

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त (संशोधन) विधेयक, 2017 | 30.8.2017 |
| 2. | बिहार भूमि दाखिल खारिज (संशोधन) विधेयक, 2017 | 30.8.2017 |
| 3. | बिहार पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2017 | 30.8.2017 |
| 4. | बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1981-82, 1986-87, 1989-90, 1993-94 एवं 1995-96)(संख्या-2)विधेयक,2017 | 30.8.2017 |
| 5. | बिहार कराधान विधि (संशोधन एवं विधिमान्यकरण) विधेयक, 2017 | 30.8.2017 |
| 6. | बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग विधेयक, 2017 | 30.8.2017 |
| 7. | बिहार राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2017 | 30.8.2017 |
| 8. | बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2017 | 30.8.2017 |
| 9. | बिहार काश्तकारी (संशोधन) विधेयक, 2017 | 31.8.2017 |
| 10. | बिहार चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 2017 | 31.8.2017 |

## वित्तीय कार्य

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग ।

श्री सुशील कुमार मोदी, उप मुख्यमंत्री: महोदय, भारतीय संविधान के अनुच्छेद-205 के अनुसरण में बिहार विनियोग (संख्या-2) अधिनियम-2017 एवं बिहार विनियोग (संख्या-3) अधिनियम-2017 द्वारा स्वीकृत राशि के अलावे वित्तीय वर्ष 2017-18 में जो खर्च होने की संभावना है उसके सम्बन्ध में, मैं द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण उपस्थापित करता हूँ।

अध्यक्ष : अब शोक प्रस्ताव लिए जाएंगे ।

टर्न-02/कृष्ण/27.11.2017

## शोक प्रकाश

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कतिपय जननायकों के निधन की सूचना मिली है, जिनके बारे में शोक प्रकट करना हमारा कर्त्तव्य है :-

### स्वर्गीय मुन्द्रिका सिंह यादव

बिहार विधान सभा के सदस्य एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्री मुन्द्रिका सिंह यादव का निधन दिनांक 24 अक्टूबर, 2017 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 70 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय यादव जहानाबाद जिला के कुर्था विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1990 तथा जहानाबाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1995 एवं 2015 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये थे । वे जुलाई, 2004 से जुलाई, 2010 तक बिहार विधान परिषद् के भी सदस्य रहे थे । वे बिहार सरकार में स्वास्थ्य मंत्री भी रहे थे । वे कर्मठ, निर्भीक एवं स्पष्टवादी व्यक्ति थे । वे अपने क्षेत्र के विकास के लिये सदैव तत्पर रहा करते थे । हम उनके निधन से दुखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

### स्वर्गीय मोहम्मद तस्लीमुद्दीन

भारत सरकार एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री तथा बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य एवं लोक सभा के वर्त्तमान सदस्य श्री मोहम्मद तस्लीमुद्दीन का निधन दिनांक 17 सितंबर, 2017 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 81 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय मोहम्मद तस्लीमुद्दीन तत्कालीन पूर्णियां जिला के जोकीहाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1969, 1972, 1977, 1985, 1995 में, अररिया विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1080 में तथा किशनगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2000 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये थे । स्वर्गीय मोहम्मद तस्लीमुद्दीन अररिया लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1989, 1996, 1998, 2004 एवं 2014 में लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुये थे । वे सीमांचल के उत्थान हेतु सदैव संघर्ष करते रहे । वे लोकप्रिय एवं जुझारू राजनेता थे । हम उनके निधन से दुखी हैं।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

## स्वर्गीय श्रीमती श्यामा सिंह

लोक सभा की पूर्व सदस्य श्रीमती श्यामा सिंह का निधन दिनांक 11 सितंबर, 2017 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 75 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय श्यामा सिंह औरंगाबाद जिला के औरंगाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1999 में लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुईं थीं । वे प्रगतिशील विचारों वाली महिला थीं । वे समाज के वंचित वर्गों के उत्थान हेतु सदैव तत्पर रहा करती थीं । हम उनके निधन से दुखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

## स्वर्गीय विलट पासवान विहंगम

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्री विलट पासवान विहंगम का निधन दिनांक 05 अक्टूबर, 2017 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 76 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय विहंगम मधुबनी जिला के राजनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1969, 1972 तथा खजौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1985 एवं 1990 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये थे । वे बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य भी रहे थे । वे कर्मठ एवं लोकप्रिय व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

## स्वर्गीय गया सिंह

राज्य सभा के पूर्व सदस्य श्री गया सिंह का निधन दिनांक 07 अक्टूबर, 2017 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 73 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह दिनांक 08 जुलाई, 1992 से 07 जुलाई, 1998 तक तथा 08 जुलाई, 1998 से 07 जुलाई, 2004 तक राज्य सभा के सदस्य रहे थे । वे प्रखर साम्यवादी विचार के व्यक्ति थे । उनका संबंध कई छात्र एवं युवा संगठनों के साथ ट्रेड यूनियन से भी था । वे समाज के दलितों-पिछड़ों के उत्थान हेतु सदैव संघर्ष करते रहे। वे हमेशा मजदूरों के हितों के लिए आंदोलन करते रहे । हम उनके निधन से दुखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

## स्वर्गीय भोला प्रसाद सिंह

बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद् के सदस्य तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्री भोला प्रसाद सिंह का निधन दिनांक 09 अक्टूबर, 2017 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 85 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह पटना जिला के बख्तियारपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1972 एवं नालंदा जिला के हरनौत विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1977 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये थे । वे वर्ष 1962, 1968 एवं 1998 में बिहार विधान परिषद् के भी सदस्य रहे थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे बिहार टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष पद पर भी रहे थे । उन्होंने देश की आजादी एवं समाजवादी आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया था । वे लोक नायक जय प्रकाश नारायण और डॉ0 राम मनोहर लोहिया के विचारों से प्रभावित थे । हम उनके निधन से दुखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

## स्वर्गीय धनराज सिंह

बिहार विधान परिषद् एवं लोक सभा के पूर्व सदस्य श्री धनराज सिंह का निधन दिनांक 12 अक्टूबर, 2017 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 73 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह मुंगेर जिला के मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1989 में लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुये थे । वे वर्ष 1980 से 1986 तक बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे थे । उन्होंने विधान परिषद् की विभिन्न समितियों में सदस्य रूप में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया था । वे कर्मठ, लोकप्रिय एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

अब हमलोग एक मिनट तक मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना करें ।

( एक मिनट का मौन )

मैं अपनी तथा सम्पूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास संदेश भेजवा दूंगा ।

अब सभा की बैठक, मंगलवार दिनांक 28 नवंबर, 2017 को 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित की जाती है ।